## करोड़पति परिवार को मिले आवास, स्कूल निर्माण में राशि का दुरुपयोग

# शहडोल में पीएम आवास योजना में खुला फर्जीवाड़ा

**जनपद पंचायत ढोलर में पदस्थ रोजगार सहायक पर गंभीर आरोप**

**कलेक्टर से जांच की मांग, शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल**

योजनाओं की आकंड़ों की बाजीगरी और लक्ष्य पूर्ति के कागजी खेल में योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य कहीं खोता जा रहा है। जनपद और पंचायत स्तर पर फैले भ्रष्टाचार के इस दीमक ने समाज के सबसे कमजोर वर्ग और बेघर लोगों से उनका अधिकार छीन लिया है।

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे महत्वाकांक्षी और जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना की गरिमा को जिले में बैठे भ्रष्ट तंत्र ने तार-तार कर दिया है। योजना का उद्देश्य जहां गरीब, बेघर और जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है, वहीं दूसरी ओर जिले के जिम्मेदार अधिकारी और जनपदों में तैनात कर्मचारियों द्वारा इसे अवैध लाभ का साधन बना दिया गया है। जमीनी हकीकत यह है कि पात्र हितग्राही अपनी बारी के इंतजार में वर्षों से पंचायतों के चक्कर काट रहे हैं, जबकि अपात्र, करोड़पति और रसूखदार लोग प्रधानमंत्री के नाम पर संचालित इस योजना का खुलकर दुरुपयोग कर रहे हैं। शहडोल जिले के जयसिंहनगर जनपद के ग्राम ढोलर में तैनात रोजगार सहायक अमित सिंह पर ऐसा ही एक गंभीर आरोप सामने आया है, जिसने न केवल योजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि शासन की निगरानी व्यवस्था की भी पोल खोल दी है।

### शिकायत और गंभीर आरोप

ग्राम ढोलर के निवासी राममनोहर पाल ने शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को एक लिखित शिकायत सौंपते हुए रोजगार सहायक अमित सिंह पर अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर फर्जी तरीके से पीएम आवास स्वीकृत करवाने, राशि निकालने और राशि का निजी कार्य में उपयोग करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, अमित सिंह ने अपने पिता सतेन्द्र सिंह, बड़े भाई अजीत सिंह और चाची श्रीमती निशा सिंह के नाम पर प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दिलवाई। इसके लिए ग्राम ढोलर की पात्रता सूची में उनके नाम दर्ज कराए गए और योजना के तहत किश्तें निकाल ली गईं। मामले की पड़ताल से यह स्पष्ट हुआ कि ये तीनों नामित व्यक्ति न तो गरीब हैं, न ही बेघर। वे सभी नगर परिषद जयसिंहनगर के वार्ड क्रमांक 15 में एक आलीशान पक्के मकान में निवासरत हैं, जिसकी संपत्ति का विवरण नगर परिषद में दर्ज है और जहां पर नियमित रूप से संपत्ति कर भी जमा किया जा रहा है। इतना ही नहीं, शिकायत में यह भी बताया गया है कि यह परिवार अमृता पब्लिक स्कूल नामक निजी विद्यालय का संचालन करता है, जो ग्राम ढोलर के ही वार्ड क्रमांक 09 में स्थित है। आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृत राशि का उपयोग विद्यालय के भवन निर्माण, पुताई, साफ-सफाई और बोरिंग जैसी गतिविधियों में किया गया है।

### फर्जीवाड़े के दस्तावेजी प्रमाण

शिकायतकर्ता द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए दस्तावेजों में बताया गया है कि स्कूल परिसर का निर्माण खसरा नंबर 117/1, ग्राम लोडी बहरा में स्थित शासकीय भूमि पर किया गया है। इससे यह साबित होता है कि न केवल पीएम आवास योजना का दुरुपयोग हुआ, बल्कि शासकीय भूमि पर निजी विद्यालय का निर्माण कर संपत्ति को वैयक्तिक लाभ के लिए उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा, उक्त परिवार के पास मारुति वैन, एक लग्जरी कार और दो पहिया वाहन भी हैं, जो उनकी आर्थिक हैसियत को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं।

### पंचायत बजट से निजी स्कूल का खर्च

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि अमृता पब्लिक स्कूल परिसर में किया गया बोरिंग कार्य, पुताई और अन्य रख-रखाव कार्य भी पंचायत के बजट से किया गया है, जो शासकीय धन के दुरुपयोग की ओर इशारा करता है। यह कृत्य न केवल योजना के उद्देश्यों के विरुद्ध है, बल्कि यह भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का स्पष्ट उदाहरण है। राममनोहर पाल ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इसकी प्रतिलिपि संभागीय आयुक्त शहडोल को भी भेजी है। अब यह मामला प्रशासन और शासन की साख से जुड़ गया है। यदि आरोपों की पुष्टि होती है, तो यह पीएम आवास योजना की पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करेगा। इस मामले के सामने आने के बाद प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ रहा है, क्योंकि यह न सिर्फ सरकारी धन के दुरुपयोग का विषय है, बल्कि प्रधानमंत्री की योजनाओं को जमीनी स्तर पर निष्प्रभावी बनाने की कोशिश का भी स्पष्ट संकेत है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस का नशामुक्ति के विरुद्ध जनअभियान



**शहडोल।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में प्रदेशभर में पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी, जागरूकता कार्यक्रम 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज में नशे के बढ़ते प्रभाव के प्रति जनसामान्य को सचेत करना एवं विशेषकर युवाओं को नशा उन्मूलन के लिए प्रेरित करना है। उक्त अभियान में 19 जुलाई को पुलिस द्वारा शहरी एवं देहात क्षेत्र में ऑटो-शासकीय परिवहन के वाहनों पर पोस्टर चस्पा कराया गया। सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर भी पोस्टर चस्पा कर आने-जाने वाले नागरिक जनों को नशा के प्रति जन-जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। उक्त कार्यक्रम में आमजन, विद्यार्थियों एवं नवयुवकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाइ गयी। कार्यक्रम में 'नशे से दूरी है जरूरी' जैसे प्रेरणादायी स्लोगनों के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया गया एवं नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

### पैर के ऊपरी हिस्से में हल धंसा, किसान गम्भीर



**उमरिया।** जिले के नौरोज़ाबाद थाना अंतर्गत ग्राम गहिरा टोला के नव सेमर में एक हादसे में आदिवासी किसान छोटेलाल बैगा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार किसान खेत में हल चला रहा था, तभी अचानक बैलों के बेकाबू होने से नुखिला हल की कुसिया उसके पैर में गहराई तक घुस गया। घटना उस समय हुई जब छोटेलाल पिता तिरसु बैगा अपने खेत में बैल से हल चला रहे थे। इसी दौरान दोनों बैल अचानक बैठ गए और फिर एकाएक उठकर दौड़ पड़े, जिससे हल का नुकीला भाग सीधे किसान के पैर में घुस गया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में घायल किसान को ऑटो की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया,जहाँ उनका इलाज जारी है। घायल के पुत्र रामप्यारे बैगा ने बताया कि इस हादसे में घायल पिता के पैर में आठ टांके लगे है। घटना स्थल पर हादसा इतना अचानक हुआ कि कोई कुछ समझ नहीं सका। ग्रामीणों ने प्रशासन से घायल किसान के आर्थिक मदद की मांग की है।

### माइंड्स आई इंटरनेशनल हाई स्कूल में वर्षा ऋतु का उल्लासपूर्वक स्वागत



**शहडोल।** माइंड्स आई इंटरनेशनल हाई स्कूल के केजी सेक्शन में वर्षा ऋतु का शानदार उत्सव मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे रेनकोट पहने, आकर्षक छतरियाँ लेकर स्कूल में प्रवेश किया और पूरे परिसर में बारिश के माहौल का भरपूर आनंद उठाया। बच्चों ने नीले रंग की पोशाक में हिस्सा लिया, जिससे 'ब्लू डे' को भी साथ में मनाया गया। सभी बच्चों ने अपने साथ नीले रंग का ब्रंच लाया, जो इस खास दिन की थीम के अनुसार रहा। कार्यक्रम की शुरुआत बारिश से जुड़े गीतों और गतिविधियों के साथ हुई, जिसके बाद बच्चों ने खुले मैदान में बारिश का आनंद लेते हुए मस्तीभरा रेन डांस किया। यह आयोजन न केवल बच्चों के मनोरंजन का साधन बना, बल्कि उन्होंने मौसम, रंगों और प्रकृति से जुडने का भी आनंद लिया। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी बच्चों की भागीदारी की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। प्राचार्य ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों के समग्र विकास में मदद करते हैं और उन्हें मौसम तथा पर्यावरण से जुड़ाव का अनुभव कराते हैं। कार्यक्रम में सभी बच्चों की सक्रिय सहभागिता देख स्कूल परिवार अत्यंत आनंदित रहा।

### दुकान संचालकों के विरूद्ध लगाया गया जुर्माना


**शहडोल।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी धनपुरी सुश्री पूजा बुनकर ने बताया कि धनपुरी नगर में आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से मार्ग प्रभावित करने वाले दुकान संचालको के विरूद्ध जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि धनपुरी नगर के वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 अमरकंटक रोड में सार्वजनिक मार्ग मे पुराने वाहन खड़े कर अतिक्रमण कर मार्ग प्रभावित करने पर दुकान संचालकों के ऊपर चलान की कार्यवाही की गयी।

## शासन की राशि की हो रही खुली होली, अधिकारी मौन

# पंचायतों में फर्जी बिलों से विकास की लूट

**ग्राम पंचायत सेमरा में वेण्डर-सचिव-सरपंच की तिकड़ी का खेल उजागर**

शहडोल।




मध्यप्रदेश शासन की विकास योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए करोड़ों की राशि हर वर्ष पंचायतों को दी जाती है। लेकिन शहडोल जिले की कुछ पंचायतों में इस राशि का उपयोग जनकल्याण के बजाय भ्रष्टाचारियों की जेब भरने में हो रहा है। बुढ़ार जनपद की ग्राम पंचायत सेमरा इसका ताजा उदाहरण बनकर सामने आई है, जहां फर्जी बिलों और अधूरे निर्माण के नाम पर लाखों की राशि का गबन किए जाने का आरोप सामने आया है। जिले की पंचायतों में वर्षों से चले आ रहे भ्रष्टाचार का यह ताजा मामला स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अफसरों की मिलीभगत का जीवंत उदाहरण है, जिसमें शासकीय खजाने को सुनियोजित ढंग से चूना लगाया जा रहा है।

### फर्जी बिलों की खुली होली

जानकारी के अनुसार, बुढ़ार जनपद क्षेत्र की कई पंचायतों में वेंडरों द्वारा खाली बिलों का बंटवारा किया जाता है। इन खाली बिलों को बाद में सरपंच और सचिव द्वारा मनचाही सामग्री और राशि के साथ भरकर पास कराया जाता है। इस प्रक्रिया में शासन द्वारा स्वीकृत राशि का बंदरबांट किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर कार्य या तो अधूरे हैं या बेहद घटिया स्तर पर किए गए हैं। इस पूरे खेल में न केवल पंचायत बल्कि जनपद स्तर पर बैठे अधिकारी भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल बताए जा रहे हैं, जो जांच और निरीक्षण के नाम पर केवल कागजों की खानापूर्ति कर रहे हैं।

### अधूरी सडक़ पर लाखों की राशि स्वीकृत

ग्राम पंचायत सेमरा में 24 दिसंबर 2024 को 3 लाख 53 हजार रुपये की लागत से एक सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। यह सडक़ लाला तिवारी के घर से बिछिया तालाब तक 110 मीटर लंबी स्वीकृत हुई थी। लेकिन आज 7 महीने बीत जाने के बाद भी यह सडक़ कागजों में अधूरी है, जबकि फर्म को लाखों का भुगतान कर दिया गया है। इस कार्य का ठेका मेसर्स आर.एस. कंस्ट्रक्शन सेमरा, पोस्ट लालपुर, संचालक चंद्रशेखर पाण्डेय को दिया गया था। शिकायत के अनुसार निर्माण स्थल पर कोई तकनीकी अमला मौजूद नहीं था और बिना निरीक्षण के ही भुगतान प्रक्रिया पूरी कर ली गई।

### घटिया निर्माण और चोरी का खनिज

स्थानीय नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में चोरी के खनिज की आपूर्ति की गई। निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब रही और जगह-जगह दरारें और धंसाव पहले ही दिखाई देने लगे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि कार्य को केवल कागजों में पूर्ण दिखाकर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। यह सब सरपंच, सचिव और ठेकेदार की सांठगांठ से किया गया, जिसमें जनपद स्तर पर बैठे अफसरों की आंखें मूंदे रहने की भूमिका भी संदेहास्पद है।

### जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध

ग्राम पंचायत सेमरा में सरपंच, सचिव और वेंडर की तिकड़ी जिस तरह से शासन की राशि को हथियाने में जुटी है, वह न केवल प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण है, बल्कि भ्रष्टाचार के संगठित नेटवर्क की ओर भी संकेत करता है। आश्चर्य की बात यह है कि शिकायतों और सामाजिक मंचों पर उठे सवालों के बावजूद कोई ठोस जांच या कार्रवाई नहीं की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक संरक्षण या मिलीभगत की स्थिति बनी हुई है।

### प्रशासन पर उठते सवाल

ग्राम पंचायतों में लगातार सामने आ रहे ऐसे भ्रष्टाचार के मामलों से शासन की योजनाओं की साख पर बट्टा लग रहा है। जनता का भरोसा टूट रहा है, जो यह सोचने को मजबूर है कि क्या वाकई गरीबों और ग्रामीणों के लिए जारी राशि उन तक पहुंच रही है? विकास के नाम पर ग्राम पंचायतों को दी गई राशि यदि केवल कागजी निर्माण और फर्जी भुगतान में खपाई जा रही है तो यह न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि ग्रामीण विकास की मूल अवधारणा के साथ खुला मजाक भी है।

## सांसद एवं विधायक ने किया पौधरोपण

**शहडोल।** प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण को हरा भरा बनाने के उद्देश्य प्रवेश भर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान 30 जुलाई 2025 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों,प्रशासनिक अधिकारियों, समाज सेवी, व आमजनों द्वारा पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। पेड़ पौधे न केवल हमारे जीवन का आधार हैं, बल्कि पर्यावरण को संतुलित रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, भूमि के कटाव को रोकते हैं और जीव-जंतुओं का आश्रय स्थल भी होते हैं। पौधरोपण से वर्षा में वृद्धि, तापमान में कमी और हरियाली के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य में भी इजाफा होता है। **'एक पेड़ मां के नाम'** अभियान के तहत जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम गंधियां स्थित सीतामढ़ी राम पथ वन गमन धाम में सांसद संसदीय क्षेत्र सीधी डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक शरद कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों अधिकारियों व नागरिकों ने पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।






## जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**शहडोल।** वर्षा के दिनों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। मच्छरों के काटने से डेंगू, मलेरिया, आदि जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। इन बीमारियों से बचाव हेतु आमजन को जागरूक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित प्रकाश चौधरी ने जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश सरकार ने माह जुलाई 2025 को डेंगू निरोधक माह घोषित किया है। यह जन जागरूकता रथ बुढ़ार जनपद पंचायत में पूर्व से मलेरिया प्रभावित चिन्हिरत ग्रामों एवं बस्तियों में भ्रमण कर आमजन को डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के तरीके तथा बीमारी से प्रभावित होने पर कारण, लक्षण एवं बचाव के संबंध में जागरूक करने का काम करेगा। अभी तक जन जागरूकता रथ द्वारा नगर पालिका धनपुरी वार्ड नं 1,2, अर्बन बुढार वार्ड नं 5,6,7 ,ओ पी एम, बकहो, बटुरा, बिछिया,गिरवा,सकरा,केशवाही,बरतर,खाम्हीडोल, जैतपुर अस्पताल, हाट-बाजार कमता, भठिया, बहगढ, चन्नौड़ी,बिरुहली,जरवाही आदि ग्रामों का भ्रमण कर चुका है। डेंगू रथ आडियो क्लिप बजाकर, पम्पलेट बांटकर जानकारियों का प्रचार-प्रसार कर रहा है। जन-मानस को डेंगू बुखार से बचने और बुखार आने पर नकटम स्वा स्य्प्र केन्द्र, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वासस्यर केन्द्रौ सहित जिला अस्पताल शहडोल में निःशुल्क जांच एवं उपचार लेने की जानकारी दी जा रही है।

# अटल कामधेनु गौसेवा संस्थान की 8वीं वर्षगांठ

## सेवा, समर्पण और संवेदना का उत्सव

**गौमाता और मूक प्राणियों की सेवा में समर्पित 8 वर्ष का गौरवशाली सफर**

शहडोल।

**सेवा, समर्पण और संवेदना का प्रतीक अटल कामधेनु गौसेवा संस्थान अपनी स्थापना के आठ वर्षों के गौरवशाली सफर को पूर्ण कर रहा है। मूक प्राणियों की रक्षा और पुनर्वास में अविस्मरणीय योगदान देने वाला यह संस्थान आज एक जीवंत प्रेरणा बन चुका है।**

इन 8 वर्षों में 20,000 से अधिक घायल, बीमार और बेसहारा गौवंश व अन्य मूक जीवों को जीवनदान देने का पुण्य कार्य संस्थान के माध्यम से किया गया है। शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सिंगरौली, रीवा और सीधी सीमा क्षेत्रों में सडक़ दुर्घटनाओं, बीमारियों और उपेक्षा के शिकार जीवों को रेस्क्यू कर सुरक्षित आश्रय, पौष्टिक आहार और उपचार प्रदान किया गया।

रात्रिकालीन दुर्घटनाओं को रोकने हेतु शहडोल क्षेत्र में 10,000 से अधिक गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई। वर्तमान में संस्थान में 250 से अधिक जीव संरक्षण और सेवा पा रहे हैं।






संस्थान के संस्थापक गौसेवक गौरव राल्ही मिश्रा को उनके अद्वितीय सेवा कार्यों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आचार्य विद्यासागर जीवदया सम्मान से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के करकमलों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। गौरतलब है कि यह संपूर्ण सेवा कार्य बिना किसी शासकीय अनुदान, केवल जनसहयोग और सेवाभाव से संचालित किया जा रहा है, जो अटल संकल्प और सामूहिक श्रद्धा का जीवंत उदाहरण है। हर वर्ष गर्मी के समय जब जलस्त्रोत सूख जाते हैं, संस्थान द्वारा 'हर घर नाद' अभियान के माध्यम से पक्षियों और गौवंशों के लिए सकोरे उपलब्ध कराए जाते हैं। साथ ही पशु क्रूरता के खिलाफ भी संस्थान सदैव सजग और सक्रिय रहता है। संस्थान की 8वीं वर्षगांठ के अवसर पर 18 जुलाई से अखंड मानस पाठ का आयोजन किया गया है, जिसकी पूर्णाहुति 19 जुलाई को संतवृंद की उपस्थिति में सम्पन्न होगी। इस दिन को अमर बलिदानी मंगल पांडे की 198वीं जयंती के रूप में गौसेवा दिवस मानकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

यह उल्लेखनीय है कि भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का मूल कारण भी गौमाता से जुड़ा था। मंगल पांडे ने 1857 में उस समय अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध विद्रोह किया जब एंफील्ड पी-53 राइफल के कारतूसों में गौमांस के उपयोग की बात सामने आई थी, जिसे दांतों से खोलना धर्म का अपमान माना गया। यही विद्रोह भारत की आज़ादी का पहला शंखनाद बना। संस्थान आप सभी श्रद्धालुजनों एवं समाजसेवियों से इस पावन अवसर पर सेवा सहयोग और उपस्थित होकर आशीर्वाद प्रदान करने का विनम्र आग्रह करता है। गौसेवा क्रांति के इस 8 वर्ष के पथ पर साथ चलने वाले प्रत्येक जन का अटल कामधेनु गौसेवा संस्थान हृदय से आभार व्यक्त करता है।

## खबर संक्षेप

### सडक़ सुरक्षा समिति में शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त

**उमरिया।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार व्दारा कैसलेस ट्रीटमेंट आफ रोड एक्सीडेंट विक्टिम स्कीम 2025 लागू की गई है। जिसके तहत मोटरयान अधिनियम की धारा के प्रावधानों के अनुसार सडक़ दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को अधिकतम सात दिवस में 1,50,000 तक के उपचार की सहायता दी जाएगी। योजना के क्रियान्वयन हेतु जिले में जिला सडक़ सुरक्षा समिति में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल को षिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त किया है। जो योजना क्रियान्वयन के लिए पूर्ण उत्तरदायी होंगे।

### 1 अगस्त से लेखा प्रशिक्षण का सत्र

**उमरिया।** प्राचार्य प्रशिक्षण शाला रीवा ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र 1 अगस्त से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा । आवेदन 24 जुलाई तक कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा में स्वीकार किए जाऐगे । अध्दशासकीय विभाग के प्रशिक्षणार्थियों को दो हजार रूपये का चलान संबंधित शीर्ष में जमाकर आवेदन पत्र के साथ कार्यालय में जमा करना होगा। प्रशिक्षण में वही लिपिक वर्गीय कर्मचारी शामिल हो सकेगे जिनकी सेवा नियमित रूप से एक वर्ष या उससे अधिक हो । लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश एवं परीक्षा तथा अग्रिम वेतन वृध्दि के संबंध मे शासन व्दारा समय समय पर जारी नियम, निर्देश मान्य होगे ।

### जुआं खेलते आरोपी धराये

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोतीउर रहमान द्वारा जिले में जुंआ एवं अवैध गतिविधियों के विरूध्द अभियान चलाकर कार्यवाही कराई जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी कोतमा निरी रत्नाम्बर शुक्ल को जरियें मुखबिर सूचना मिली की राधिका होटल के पास एक बाड़े में कुछ लोग रूपये पैसों से हार जीत का दाव लगाकर जुंआ खेल रहे है सूचना प्राप्त होते ही तत्काल टीम गठित की गई जिनके द्वारा घेराबंदी कर रेड़ कार्यवाही की गई जिसमें एक जुंआ फड से 06 आरोपी अभिनाष तिवारी पिता जगदीश तिवारी उम्र 31 वर्ष कमलेश गुप्ता पिता स्व. रमेश प्रसाद गुप्ता उम्र 40 वर्ष, संजीव उपाध्याय पिता महेश संजीव पिता महेश उपाध्याय उम्र 32वर्ष, वरूण गहोई पिता कृष्ण कुमार गहोई उम्र 32वर्ष, लखन शुक्ला पिता अवधेश शुक्ला उम्र 42वर्ष, अंकित जैन पिता बाबूलाल उम्र 33वर्ष सभी नि0 कोतमा से राशि 66530रू0 एवं दूसरे फड से कुल 04 आरोपी कृष्ण पाल पिता संतोष उम्र 25साल, कुदन कुशवाहा पिता संतोष कुशवाहा उम्र 27वर्ष, राज बंशकार पिता नरेश वंशकार उम्र 22वर्ष, अतुल सिंह पिता सुशील सिंह उम्र 23वर्ष सभी नि0 कोतमा से राशि 4270रू0 कुल 70,800रू0 जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध 13 जुआं एक्ट की कार्यवाही की गई।

### लोढी गांव के खेतों मे आटी की बढी चोरी, किसानों की मेहनत पर फिर रहा पानी

**हरिभूमि न्यूज कोतमा ।** खेती - किसानी के कठिन श्रमसाध्य समय मे चोरी का तौर - तरीका भी बदल रहा है। अब लोग फसल तैयार होने के पहले रोपा और आटी की चोरी कर रहे हैं। आटी की चोरी होने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है और वो बहुत परेशान हैं। चोरी भी ऐसी हो रही है कि किसान थाने तक नहीं जा रहे हैं। उन्हें थाने मे पुलिस के सौ सवालों से अधिक डर लग रहा है। जनपद पंचायत अनुपपुर बदरा अन्तर्गत देवगंवा के समीप लोढी गाँव मे अजीब तरह की चोरी हो रही है। शिकायत मिल रही है कि बहुत से किसानों के खेत से कुछ चोर धान की आटी की चोरी कर ले गये हैं। धान का थरहा तैयार होने के बाद उसकी रोपाई से पहले धान के छोटे पौधों को गुच्छों मे एकत्रित करके खेतों मे लगाने के लिये रखा जाता है, जिसे गाँव की भाषा मे आटी कहा जाता है। गाँव के लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से सतर्क किया जा रहा है कि ग्राम लोढी में आटी चोर गिरोह सक्रिय हैं।

# सावन में बहती शिवभक्ति की पावन धारा



## संकल्प सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित हुआ विशाल आयोजन

धनपुरी। श्रावण मास की धार्मिक महत्ता और शिवभक्ति की चरम अनुभूति के बीच धनपुरी नगर में एक भव्य और ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। संकल्प सेवा समिति धनपुरी के तत्वावधान में आयोजित इस विशाल धार्मिक आयोजन में नगरवासियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर श्रद्धा और सामाजिक समरसता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। यह पावन यात्रा ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आजाद चौक पहुंची और अंततः राधाकृष्ण मंदिर परिसर में जलाभिषेक के साथ सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान सम्पूर्ण नगर 'हर हर महादेव', 'बोल बम', 'ऊँ नमः शिवाय' के उद्घोषों से गूंजता रहा। भक्ति गीतों और डीजे की धुनों ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया।

कांवड़ यात्रा की विशेषता यह रही कि श्रद्धालु अमरकंटक से लाया गया पवित्र नर्मदा जल कांवर में भरकर लाए थे। यह जल क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की पहल पर विशेष टैंकर के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया गया। यह टैंकर केवल जल का साधन नहीं, बल्कि सांसद की जनसंपर्क, धार्मिक आस्था और जनप्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया। यात्रा में अनेक जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। जैतपुर विधायक जय सिंह मरावी, जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, धनपुरी नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा, पूर्व सीएमओ रवीकरण त्रिपाठी, पूर्व कुलपति प्रो. मुकेश तिवारी, वार्ड पार्षद श्रीमती दिव्या रेखा सिंह, मंदाकिनी तिवारी, सेवा विभाग प्रमुख मनोज गौतम, नरहरी मिश्रा, विनय सिन्हा, बब्बू केशरवानी, गुड्डू अजय शर्मा, पं. राममिलन शर्मा, रोहित गुप्ता, आशीष तिवारी, राम अवतार शर्मा और लक्ष्मण प्रसाद तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस धार्मिक आयोजन में जजमान की भूमिका में सुभाष गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी शामिल हुए, जिन्होंने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर समाज के कल्याण की कामना की। संकल्प सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ इस यात्रा का संचालन किया। धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेंड्रा अपने पूरे स्टाफ के साथ सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे। इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग, नगर पालिका के कर्मचारी, नगर के पार्षदगण एवं अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता को और अधिक बढ़ाया।यात्रा में महिलाओं और बच्चों की सहभागिता विशेष उल्लेखनीय रही। सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्रों में कांवर उठाकर शिवभक्ति में भाग लिया। बच्चों का उत्साह और उत्सव में उनकी भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि धर्म केवल परंपरा नहीं, बल्कि पीढिय़ों को जोडऩे वाला एक सशक्त माध्यम है। यह कांवड़ यात्रा केवल आस्था का प्रदर्शन नहीं, बल्कि समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश भी लेकर आई। श्रावण मास में शिवभक्ति का विशेष महत्व है। यह महीना भगवान शंकर को समर्पित होता है और इस दौरान भक्तजन जलाभिषेक के माध्यम से भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हैं। कांवड़ यात्रा इस आराधना का प्रमुख माध्यम है, जिसमें श्रद्धालु दूर-दूर से पवित्र नदियों का जल लाकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। यह आयोजन ना केवल आध्यात्मिक चेतना का परिचायक है, बल्कि



सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और धर्म-संस्कृति के पुनर्जागरण का भी प्रतीक बन गया है। संकल्प सेवा समिति के आयोजकों ने बताया कि कांवड़ यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक भावनाओं की पूर्ति नहीं, बल्कि समाज में संस्कृति, परंपरा और युवाओं में धार्मिक सहभागिता की भावना को प्रबल करना भी है। समिति ने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को पुष्ट करते हैं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और सहयोग की भावना को भी जनमानस में जाग्रत करते हैं। यह आयोजन जहां धार्मिक उत्सव की अनुभूति कराता है, वहीं इससे जुड़ी सेवा भावना, स्वच्छता, अनुशासन और समर्पण भाव, समाज को एक सकारात्मक दिशा देने का कार्य भी करते हैं। धनपुरी की यह कांवड़ यात्रा न केवल नगरवासियों के लिए, बल्कि पूरे अंचल के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई है। सावन के पावन मास में शिवभक्ति की यह गूंज, श्रद्धालुओं के मन में लंबे समय तक गूंजती रहेगी। यह आयोजन भविष्य में भी श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के प्रेरणास्त्रोत के रूप में याद किया जाएगा।

# एक पेड़ आने वाली पीढ़ी के लिए अवश्य लगाएं: विधायक

### पौधरोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा का भी संकल्प लें आम जन : कलेक्टर



**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन के उपरांत स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मनरेगा के माध्यम से ''एक बगिया माँ के नाम'' परियोजना चलाई जा रही है, जिसके माध्यम से स्व सहायता समूह की बहने मां के नाम से बगिया का निर्माण करती है और फलदार पौधे लगाती है तो उन्हें बागवानी प्रोजेक्ट के तहत तीन लाख रुपए तक की सहायता राशि सरकार द्वार प्रदान की जाएगी। उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने करकेली जनपद पंचायत के ग्राम सस्तरा स्थित कारगिल मोहल्ले में पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होने कहा कि एक पेड़ अपने परिवार के लिए आने वाली पीढी के लिए अवश्य लगाए। पौधों का रोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प लें तभी अभियान की सार्थकता सिद्ध होगी । जब पौध बड़े होगे तो हमें आक्सीजन के साथ ही फल एवं औषधि प्रदान करेंगे । उन्होने अपील करते हुए कहा कि बिना उपजाउ जमीन, बंजर स्थिति में पड़ी जमीन में एक बगिया मां के नाम की अवश्य बनाएं । यह बगिया मां को समर्पित होगी, साथ ही आने वाली पीढ़ी के लिए कारगर साबित होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत विकासखंडो में बगिया का निर्माण कार्य किया जा रहा है । उन्होने कहा कि वृक्षों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व होता है । वृक्षों से हमें प्राण वायु मिलती है । ग्रीष्म काल में जल को संरक्षित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया , उसके बाद अब एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत पौधरोपण किया जाना है । उन्होने उपस्थित जनों से अपील करते हुए कहा कि सभी जन अपने जन्म दिवस, शादी की सालगिरह, माता पिता की स्मृति में एक पौधे का रोपण जरूर करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार विगत वर्ष भी जिले मे बड़ी संख्या में पौधों का रोपण ग्राम पंचायत तथा क्लस्टर स्तर पर किया गया था । इस वर्ष शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ब्लाक में स्व समूहो की दीदीयां, जिनके पास आधे एकड़ या एक एकड़ की भूमि उनके नाम से या परिवार के नाम से है , का चयन किया जा रहा है । चयन प्रक्रिया उपरांत बड़ी संख्या में पौधरोपण किया जाएगा । उन्होने कहा कि ग्राम सस्तरा के कारगिल मोहल्ले में यह दूसरा साल है जहां पर 200 पौधों का रोपण किया जा रहा है । उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पौधे की देखभाल उसी प्रकार करें जैसे हम घर पर अपने बच्चों की देखभाल करते है ।

इस अवसर पर जनपद पंचायत करकेली सीईओ हरनीत कौर कलसी, जनपद सदस्य पूजा बैगा, अर्जुन सिंह सैय्याम, ग्राम सस्तरा सरपंच रंजीत कोल, सरपंच पठारी गोविंद प्रसाद गौतम, उपयंत्री, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# प्रथम चरण में 8 ग्रामों को लिया गया गोद

**उमरिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) पुलिस मुख्यालय भोपाल राजा बाबू सिंह के निर्देशन में पीटीएस उमरिया द्वारा जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्रामीण अंचल के 15 ग्रामों को गोद लिये जाने की योजना बनाई गई है। प्रथम चरण के अंतर्गत 8 गांव को गोद लिये गये है।**



पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया, श्री मुकेश वैश्य, के मार्गदर्शन में इकाई के अधि0/ कर्मचारी एवं प्रशिक्षणरत 203 प्रशिक्षुओं के 8 दलों को हरी झंडी दिखाकर चिन्हित गोद लिए गए 8 गांव हेतु बस द्वारा रवाना किया गया, जिसमें समस्त ग्रामों में निवासरत ग्रामवासियों से चर्चा कर गांव के विकास एवं सुरक्षा एवं शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, स्वच्छता तथा युवाओं को रोजगार के अवसर के बारे में तथा स्वच्छता/ सुरक्षा के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अगले क्रम में मध्य प्रदेश पुलिस के मुखिया कैलाश मकवाना, पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश भोपाल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत संपूर्ण मध्य प्रदेश में पुलिस द्वारा नशा मुक्ति पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके पालन में पीटीएस उमरिया द्वारा गोद लिए 8 गांव के युवाओं को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक किया जाएगा साथ ही भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों से प्राप्त होने वाली समस्याओं को एक डोजियर फॉर्म में भरकर जानकारी संकलित कर संबंधित विभागों से संपर्क कर हल कराया जाएगा।

# राधा रानी भजन मंडली ने मां काली मंदिर में किया सुंदर कांड का पाठ



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र केअंतर्गत न्यू राजनगर मां काली मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को दोपहर तीन बजे से नगर कि लोकप्रिय, महिलाओं द्वारा संचालित राधा रानी भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया जो देर शाम तक चला। नगर में पहली बार नगर की महिलाओं द्वारा राधा रानी भजन मंडली का गठन कर, धार्मिक अनुष्ठानों पर, तीज, त्योहारों पर, सावन माह, पर सुंदरकांड पाठ तथा रामायण पाठ किया जाता है, साथ ही साथ जिनके पारिवारिक सदस्यों का जन्मदिन रहता है वह परिवारजन इस राधा रानी भजन मंडली राजनगर को आमंत्रित कर सुंदरकांड पाठ, तथा रामायण पाठ करवाते हैं। शुक्रवार के दिन वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं श्रमिक संगठन इंटक के महामंत्री जे.पी. श्रीवास्तव तथा सामाजिक कार्यक्रमों में आगे रहने वाली समाजसेवी रूपा श्रीवास्तव के पुत्र तुषार श्रीवास्तव का जन्मदिन था। उन्होंने अपने पुत्र के जन्मदिन के अवसर पर राधा रानी भजन मंडली के द्वारा मां काली मंदिर न्यू राजनगर में सुंदरकांड का पाठ करवाकर पाठ समाप्ति पश्चात प्रसाद, वितरण कर, सभी उपस्थित जनों को स्वल्पाहार कराया। सुंदरकांड पाठ में उपस्थित श्रोतागणो में रूपा श्रीवास्तव, एंव परिवार जन, मीनू पांडे, शशि श्रीवास्तव, गीता शर्मा, शीला शर्मा, रजनी गौर, पत्रकार सुमिता शर्मा, पत्रकार रीना शर्मा, वह अन्य महिलाएं उपस्थित रही। नगर कि लोकप्रिय राधा रानी भजन मंडली में लोकप्रिय गायिका प्रीति पांडे, तुलसा जायसवाल, शोभा, बेबी, रेखा, ममता श्रीवास्तव, कीर्ति, के द्वारा भजन मंडली का संचालन किया जाता है।

# रासेयो द्वारा किया गया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**उमरिया।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय उमरिया में स्थापित राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं एवं नागरिकों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने मंच संचालन के दौरान नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा समाज में नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। किशोरों, युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. विमला मरावी की की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को जागरूक कर हम एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने कहा कि रासेयो स्वयंसेवक समाज में परिवर्तन के वाहक हैं। यह अभियान उनके लिए एक अवसर है कि वे नशे के खिलाफ आवाज उठाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें।अन्य वक्ताओं में डॉ. पी.डी. रावत, डॉ. प्रज्ज्वला सिंह, एवं डॉ. प्रमोद तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद पटेल, डॉ. प्रियंका गुप्ता शामिल रहे। उन्होंने नशे के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इससे दूर रहने की प्रेरणा दी। डॉ. रावत ने कहा कि नशा एक धीमा जहर है, जो व्यक्ति की सोच, ऊर्जा और भविष्य को नष्ट कर देता है। इससे बचाव ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। कार्यक्रम में रासेयो स्वयं सेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। डॉ. कीर्ति तिवारी ने अतिथिगणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नशे से दूरी है जरूरी अभियान न केवल एक कार्यक्रम है, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है। रासेयो स्वयंसेवकों ने यह सिद्ध किया कि युवा शक्ति यदि सही दिशा में प्रयुक्त हो, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

# नशा एवं अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे-अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक




**उमरिया।** मध्यप्रदेश पुलिस के 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत उमरिया पुलिस द्वारा ''नशा से दूरी है जरूरी'' अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना एवं उन्हें इससे दूर रहने हेतु प्रेरित करना है। मुख्य कार्यक्रम शासकीय कन्या परिसर,उमरिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने नशे के प्रकार, उसके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित सभी छात्राओं और शिक्षकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। संवाद के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, एसडीओपी डॉ नागेंद्र प्रताप सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी के द्वारा नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा नशे के खिलाफ अभियान में भागीदारी निभाने हेतु अपील की गई। नशा करने वाले व्यक्ति के साथ इसका दुष्प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। इस अभियान के दौरान लोगों को नशा छुड़ाने के साथ युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।अनेक युवा जो नशे में किसी कारणवश फंस जाते हैं और फिर उसने नशे की पूर्ति के लिए कोई भी आपराधिक वारदात करने से नहीं हिचकते हैं। नशा एवं अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे, तभी यह मुहिम सार्थक होगी।नशे से दूरी वाले पोस्टर वितरित किए गए, साथ ही नशे के खिलाफ शपथ दिलाई गई।

उमरिया पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जिले में लगातार ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में जाने से रोका जा सके और उन्हें एक स्वस्थ, सुरक्षित व सकारात्मक जीवन जीने हेतु प्रेरित किया जा सके।कार्यक्रम का कुशल संचालन लालजी साहू द्वारा किया गया।इसके अतिरिक्त, एनजीओ युवा टीम के संयोजक हिमांशु तिवारी सहित पदाधिकारीगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे, जिन्होंने नशा उन्मूलन में समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यायल प्रभारी प्राचार्य श्री मनीष पांड्या, शिक्षक लालजी साहू ,नंदलाल साहू, साधना राउत, के पी शुक्ला,राहुल सिंह सहित विद्यालय की 590 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# डी.व्ही.एम पालिक स्कूल अमलाई में मनाया ग्रीन डे

**हरिभूमि न्यूज अमलाई।** शनिवार को डी.व्ही.एम पालिक स्कूल अमलई में ग्रीन डे एक्टीविटी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन करते हुये पर्यावरण को हरा-भरा रखने की अपील की। पर्यावरण में हरियाली का महत्व बताते हुये हसारोपण पौधारोपण भी विद्यालय में कराया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा वैज्ञानिक प्रयोग किया गया जिसमें विद्यालय के शिक्षक राहुल खाण्डेकर द्वारा सहयोग दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य डी. के. सिंह द्वारा बच्चों को बताया गया कि हमें अपने वातावरण को स्वच्छ बनाये रखना चाहिये, अपने पर्यावरण को शुद्ध रखना चाहिये, अपने आस-पास जितने अधिक हो सके पौधों को रोपित करना चाहिये तथा कम से कम पौधों की कटाई करना चाहिये। हम सबको सदैव पर्यावरण से जुड़े रहना चाहिये, तथा अपने भास-पास के वातावरण को शुद्ध रखना चाहिये। विद्यालय में संबंधित एक्टिवीटी शिक्षकों के सहयोग से बच्चों को प्रेरित किया गया तथा उन्हें भविष्य में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में शामिल होने के लिये बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया।

## खबर संक्षेप

### शासकीय तिलक कॉलेज में किया गया पौधारोपण

**कटनी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय हरित कोर योजना, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधा रोपण किया गया। यह पौधारोपण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में किया गया। इसके तहत विभिन्न फलदार प्रजातियों जैसे जामुन, अमरूद, नीम, आवलां, हर्रा आदि के पौधे लगाये गये। साथ ही प्राचार्य डॉ. एस. के बाजपेई एवं हरित कोर योजना प्रभारी प्रो. ज्योत्स्ना आठ्या ने पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई। पौधारोपण कार्यक्रम में डॉ. एस.के. खरे, डॉ. हेमलता गर्ग, प्रो.जी एम मुस्तफा, डॉ. रूकमणी प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### महिलाओं के पास से कच्ची शराब जब्त

**कटनी।** एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया एवं उनकी टीम के द्वारा ग्राम नैगवा में अवैध शराब के ठिकाने पर रेड कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई करते हुए आरोपीय अनरबाई सपेरा के कब्जे से 5 लीटर, आरोपीया रिंकी और प्रीति सपेरा के कब्जे से 5 लीटर एवं आरोपियन पप्पी सपेरा के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कुल 15 लीटर कीमती 6000 की अवैध शराब रखे हुए पकड़ी गयी। उक्त ठिकानों में करीब 15 किलो माहुआ लहान नष्ट किया गया। सभी के विरुद्ध पृथक- पृथक धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि काशिराम झारिया, तेज प्रकाश सिंह, महिला आरक्षक नेहा भट्ट, आरक्षक मनीष, दुर्गेश की अहम भूमिका रही।

### डाकघरों में आईटी 2.0 एप्लीकेशन का रोलआउट एक डिजिटल परिवर्तन की पहल

**कटनी।** डाक विभाग द्वारा डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा मे बड़ी छलांग लगाते हुये अगली पीढ़ी के APT एप्लीकेशन की शुरुआत की जा रही है। इस परिवर्तनकारी उन्नत प्रणाली को 22 जुलाई से जिले के सभी डाकघरों में लागू किया जाएगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित बदलाव को लागू करने के लिए सोमवार 21 जुलाई को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दिन डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉनफ़िगरेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली सुचारू रूप से लागू हो सके। APT एप्लीकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तीव्र सेवा वितरण और अधिक ग्राहक अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# ई साइट पर काम शुरू करने को तैयार आरके ट्रांसपोर्ट लेकिन पुरानी फेस में सुरक्षा भगवान भरोसे

**एसईसीएल के सोहागपुर एरिया अंतर्गत अमलाई ओपन कास्ट माइंस की मैगजीन साइट के लिए नया टेंडर जारी किया गया है, जिसे आरके ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने हासिल कर लिया है। जानकारी के अनुसार, बहुत जल्द नए स्थान पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।**





हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।

इसके लिए बताया जाता है कि पीसी मशीन और डोजर का आगमन हो चुका है और निरीक्षण दल द्वारा साइट का निरीक्षण किया जा रहा है।लेकिन जहां एक ओर नया प्रोजेक्ट आरंभ होने को है, वहीं दूसरी ओर पुरानी साइट पर कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। एसईसीएल की अमलाई ओसीएम में ओबी (मिट्टी) निकालने का कार्य राधा चेन्नई कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जो अब अंतिम चरण में है। कर्मचारियों का आरोप है कि शुरूआती दौर में सुरक्षा के मानकों का पालन किया गया, लेकिन अब जब फेस समाप्ति के करीब है, तो सेफ्टी मापदंडों की अनदेखी की जा रही है।नाम न छापने की शर्त पर एक कर्मचारी ने बताया कि हेल्पर, मैकेनिकल स्टाफ और ड्राइवरों को जरूरी सेफ्टी किट जैसे जूते, ग्लव्स, चश्मा आदि कई महीनों से नहीं मिल रहे हैं। सवाल यह उठता है कि अगर इस बीच कोई दुर्घटना हो जाती है तो जिम्मेदार कौन होगा? कर्मचारियों ने यह भी बताया कि पहले नियमित रूप से सेफ्टी अधिकारी साइट पर मौजूद रहते थे, लेकिन अब उनकी उपस्थिति दुर्लभ हो गई है।

#### श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता

"पहले जब काम जोरों पर था तो सेफ्टी अफसर रोज आते थे, अब जब कुछ महीने का काम बाकी है तो कोई ध्यान नहीं देता।"ऐसे में जरूरत है कि एसईसीएल प्रबंधन और सुरक्षा विभाग स्थिति का संज्ञान लें और श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक संसाधन तुरंत उपलब्ध कराएं।

## डेंगू, मलेरिया से बचाव हेतु जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ्य केंद्र बुढार से किया रवाना




बुढार।

बारिश के दिनों में मच्छरो का प्रकोप बढ़ जाता है और मच्छरों के काटने से डेंगू,मलेरिया,आदि जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। इन बीमारियों से बचाव हेतु आमजन को जागरूक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित प्रकाश चौधरी ने जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर शनिवार को रवाना किया।

प्रदेश सरकार ने माह जुलाई 2025 को डेंगू निरोधक माह घोषित किया है। यह जन जागरूकता रथ बुढार जनपद पंचायत में पूर्व से मलेरिया प्रभावित चिंहित ग्रामों एवं बस्तियों में भ्रमण कर आमजन को डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के तरीके तथा बीमारी से प्रभावित होने पर कारण, लक्षण एवं बचाव के संबंध में जागरूक करने का काम करेगा।

जन जागरूकता रथ द्वारा नगर पालिका धनपुरी वार्ड नं 1,2, अर्बन बुढार वार्ड नं 5,6,7 ,ओ पी एम, बकहो, बटुरा, बिछिया, गिरवा, सकरा, केशवाही, बरतर, खाम्हीडोल, जैतपुर अस्पताल, हाट-बाजार कमता, भठिया, बहगढ, चन्नौड़ी, बिरुहली, जरवाही आदि ग्रामों का भ्रमण कर चुका है। डेंगू रथ आडियो क्लिप बजाकर, पम्पलेट बांटकर जानकारियों का प्रचार-प्रसार कर रहा है। जन-मानस को डेंगू बुखार से बचने और बुखार आने पर निकटम स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित जिला अस्पताल शहडोल में निःशुल्क जांच एवं उपचार लेने की जानकारी दी जा रही है।



## स्थानांतरित एसडीओ अशोक मरावी को दी गई विदाई

**शहडोल।** जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम गंधिया के राम वन पथ गमन सीतामढ़ी धाम में आयोजित कार्यक्रम में सांसद संसदीय क्षेत्र सीधी डॉ. राजेश मिश्रा एवं विधायक श्री शरद कोल ने जनपद पंचायत जयसिंहनगर में पदस्थ एस.डी.ओ. अशोक मरावी को जबलपुर जिले के लिए स्थानांतरित होने पर शाल एवं श्रीफल भेंट किया तथा उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना एवं बधाई दी। एस.डी.ओ. अशोक मरावी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में कार्य करना एक सुखद अनुभव रहा, जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों, जनता का सहयोग हमेशा यादगार रहेगा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रभा मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती मालती सिंह, अनु विभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत श्रीमती शिवानी जैन,जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे, जनपद सदस्य मृगेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच नीलकली कंवर सहित अन्य जन प्रतिनिधि,अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पुलिस महा निरीक्षक ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



**शहडोल।** प्रदेश भर में नशे से दूरी है जरूरी, नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उददेश्य समाज में नशे के बढ़ते प्रभाव के प्रति जन सामान्य को सचेत करना, विशेषकर युवाओ को नशा उन्मूलन के लिए प्रेरित करना है। शहडोल जिले के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस विभाग के मैदानी अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा युवाओ, विद्यार्थियो, लोगो को नशे के दुष्यप्रभावो के प्रति जागरूक किया जा रहा है। 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत संभागीय मुख्यालय के रघुराज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग शर्मा में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, प्राचार्य आभा शुक्ला सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दुकानदार आमनक पन्नियों का उपयोग न करें: सीएमओ

**सड़क पर दुकान सजा कर मार्ग प्रभावित करने वाले दुकान संचालकों के विरूद्व चालानी कार्रवाई की गई**



बुढार।

व्यवसायिक दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी धनपुरी सुश्री पूजा बुनकर ने कहा कि 130 माईक्रोन के पन्नी का उपयोग करें या फिर कपड़े से बनें थले का उपयोग करें जो शासन के मापदंड में नियम बनाये गये है ऐसा नहीं करने पर दुकानों में दविश देकर आमनक पन्नियों को जप्त कर चालानी कार्रवाई की जावेगी।

### सड़क की सुंदरता को ना बिगड़े

शनिवार को धनपुरी मुख्य मार्ग पर आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से जो सड़क पर दुकानों को सजा कर व्यापार कर रहे हैं और मार्ग को भी प्रभावित कर रहे हैं ऐसे करने वाले दुकान संचालकों के विरुद्ध जुर्माना काटा गया है। उन्होंने बताया कि धनपुरी नगर के वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 अमरकंटक रोड में सार्वजनिक मार्ग मे पुराने वाहन खड़े कर अतिक्रमण कर मार्ग प्रभावित करने पर आटो डील एवं दो पहिया वाहन एजेंसी के संचालकों पर चालानी कार्यवाही कर 2 हजार 8 सौ रूपये की राशि वसूली गई तथा नो पार्किंग में खडे.दो एवं चार पहिया वाहनों की जप्ती की कार्यवाही की गई। इस मुहिम में राजस्व प्रभारी इंद्र बहादुर सिंह, राजस्व सहायक राकेश चौधरी सहित अन्य नगर पालिका के कर्मचारी शामिल रहें।

## पार्थिव शिवलिंग पूजन के बाद श्रीराधा-कृष्ण मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा





**मां ज्वालामुखी मंदिर से जल लेकर श्रीराधा कृष्ण मंदिर स्थित शिव जी का किया गया अभिषेक - कांवड़ यात्रा में सैकड़ों कि संख्या में महिलाएं पुरुष शामिल हुए**



धनपुरी।

श्रीराधा कृष्ण मंदिर धनपुरी में 10 जुलाई से 19 जुलाई यानी 10 दिनो तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। हर दिन सवा लक्ष्य पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं श्री शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है।सैकड़ों लोग कांवड़ यात्रा सामिल श्री राधे कृष्ण मंदिर में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक श्री पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया गया। तत्पश्चात राधे कृष्ण मंदिर से कावड़ यात्रा के लिए 2 बजे भारी संख्या में महिलाएं पुरुष आये और कांवड़ यात्रा में शामिल होकर मां ज्वालामुखी मंदिर कावड़ यात्रा पहुंची जहां पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के पश्चात मां ज्वालामुखी मंदिर से जल लेकर कावड यात्रा प्रारंभ हुआ। कांवड़ यात्रा का काफी लंबा काफिला चल रहा था बड़े वाहन में शंकर पार्वती बने कलाकार के द्वारा नृत्य करते हुए आगे चल रहे थे उसके पीछे पूरा काफिला कांवर यात्रा लेकर नंगे पैर सड़क के ऊपर भक्ति भाव के साथ बोल बम के नारे लगाते हुए चल रहे थे जो पुरानी बस्ती होते हुए नगर पालिका पोस्ट ऑफिस होते हुए कावड़ यात्रा आजाद चौक पहुंचे।शिवलिंग जल अभिषेककांवड़ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष कावड़ यात्रा लेकर बोल बम के नारे लगाते चल रहे थे कावड़ यात्रा में भारी संख्या में एक ही रंग में दिख रहे थे महिलाएं पुरुष कांवड़ यात्रा यात्रा का यह दृश्य देखकर लोगों ने खुसी व्यक्त किया लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। कावड़ यात्रा जुलूस काफिला फोर व्हीलर वाहन से शंकर पार्वती के रूप में कलाकारों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत करते हुए जो अद्भुत नजारा देखने को मिला । कंवर यात्रा आजाद चौक से श्री राधे कृष्ण मंदिर पहुंचा जहां मंदिर स्थित शिवलिंग में जल अर्पित किया और अपने अपने घर को प्रस्थान कियाकांवड़ यात्रा ईश्वर भी स्वागत कियाकावड़ यात्रा जुलूस का स्वागत के लिए आज सुबह से ईश्वर मेहरबान देखे गए कांवड़ यात्रा में ज्वालामुखी मंदिर से राधा के संबंध लगभग दो किलोमीटर दूरी कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालु जनों को ईश्वर रूपी ( जल) वर्षा होती रही लोग कांवड़ यात्रा में शामिल होकर अपने को सौभाग्यशाली महसूस प्रसन्नता व्यक्त किया।

## छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह व नगर कार्यकारिणी की घोषणा



**ब्यौहारी** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह एंव नगर कार्यकारिणी घोषणा का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान करने एवं उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना, दीप प्रज्वलन तथा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। समारोह में मंच पर उपस्थित मुख्यतिथि अथर्व पैरामेडिकल कॉलेज, ब्यौहारी के डायरेक्टर ओम चौवे एवं विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह शिवांगी सोनी नगर सह मंत्री उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमान ओम चौवे ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधनों से छात्रों को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया।अपने उत्तरदायित्व के साथ साथ समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित हो तथा जो हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा रही है उसको आत्मसात करने की आवश्यकता है।विद्यार्थी परिषद की 77 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा वह संकल्प जो 77 वर्ष पूर्ण कर रहा है। संकल्प है राष्ट्र पुनर्निर्माण का वह संकल्प भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का और वह संकल्प है भारत के तिरंगे को विश्व गगन में लहराने का समारोह में नगर के विभिन्न विद्यालयों के दो सौ अखिल भारतीय विपरि से अधिक बोर्ड परीक्षाओं व अन्य शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ङ्ग छात्रों की प्रतिभा ही राष्ट्र की पूंजी है। विद्यार्थी परिषद द्वारा इस प्रकार का आयोजन निश्चित ही छात्र समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम में प्रान्त कार्यकारणी सदस्य अजय सिंह बैस उपस्थित रहे।इसके पश्चात नगर कार्यकारणी की घोषणा की गई जिसमें नगर अध्यक्ष एंव नगर मंत्री का निर्वाचन किया गया जिसमें निर्वाचन अधिकारी सत्र 2025-26 की नगर कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे नगर अध्यक्ष डॉ सुनील सिंह जी नगर मंत्री नीलम कुशवाहा को बनाया गया इसी क्रम में अन्य दायित्वों की घोषणा हुई जिसमें। अतुल तिवारी ब्रजेश पाल हेमराज अंकुश अजय सिंह गोड दीपक सेन किरण नीरज चतुर्वेदी आदि को बनाया गया।

## जिले में पहली बार किन्नर समाज का हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन

# शबनम मौसी ने जीवित रहते किया मृत्युभोज का आयोजन

**देशभर से जुटे लगभग 3000 किन्नर, अनूपपुर समेत देश प्रदेश के तरक्की की मांगी दुआ**

**हरिभूमि के साथ विशेष संवाद में पूर्व विधायक शबनम मौसी ने बताया महासम्मेलन का उद्देश्य**







**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** एशिया महाद्वीप की प्रथम किन्नर जनप्रतिनिधि एवं पूर्व विधायक शबनम मौसी ने किन्नर परंपरानुसार मृत्यु से पूर्व रोटी समारोह (मृत्युभोज) यानि जीवनचारा का आयोजन कर अनूठी मिसाल पेश की है। 1998 मे उपचुनाव के दौरान शबनम मौसी ने सोहागपुर विधानसभा से चुनाव लडकर एक और इतिहास कायम किया था जब किसी भी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दल कांग्रेस, भाजपा की जमानत जप्त कर निर्दलीय चुनाव जीतकर विधायक बनी थीं। पूर्व विधायक बनीं शबनम मौसी ने बताया कि यह आयोजन किन्नर समाज की परंपरा का हिस्सा है, जिसमें वे अपनी मृत्यु से पहले ही मृत्युभोज संपन्न कर लेते हैं। आयोजन मे बहुचरा माता यानि किन्नरों की देवी की पूजा भी शामिल थी। इस महाभोज कार्यक्रम में बहुचरा माता की पूजा-अर्चना और सामाजिक मेलजोल का माहौल देखने को मिला।

### किन्नरों की कलश यात्रा मे जगह-जगह हुये स्वागत

17 जुलाई को कलश यात्रा की शुरूआत सिद्धीविनायक पैलेस मे कुल माता बहुचरा माता व दुर्गा माता की पूजा अर्चना के साथ हुई जिसके बाद यह यात्रा शहर के प्रमुख मंदिरों से होते हुये आगे बढी, जिसमे सबसे पहले किन्नर समाज दुर्गा मंदिर पहुंचे जहां समाज की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई वही सामतपुर मंदिर मे किन्नर समाज का भव्य स्वागत हुआ। कलश यात्रा मे झूमते नाचते किन्नरों का नजारा देखते ही बन रहा था। शहरवासियों ने फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान लगभग दस रथों मे सवार किन्नरों के गुरू चल रहे थे वही हजारों की संख्या मे किन्नर नाचते गाते कलश यात्रा मे सम्मिलित रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चुस्त रही। महासम्मेलन मे चावल रंगने की रस्म भी पूरी श्रद्धा से निभाई गई। यह बहुचरा माता को समर्पित एक परंपरा है जिसमे चावल, मेवा, शक्कर, दाल और घी से बने खिचडी को देवी को भोग लगाकर प्रसाद सभी किन्नरों को बांटा जाता है। बता दें कि यह ऐसी परंपरा है जो आमतौर पर किन्नर समाज के किसी सदस्य के निधन के बाद किया जाता है, लेकिन कई किन्नर इसे अपने जीवन काल मे ही पूरा कर लेते हैं ताकि समाज मे अपने पीछे एक सामाजिक पहचान छोड सकें। इस महासम्मेलन मे पूरे भारत से आये किन्नर समाज के लोगों ने न सिर्फ धार्मिक, सांस्कृतिक व आस्था का संगम दिखाया बल्कि अपने हक और अस्तित्व को लेकर एकजुट होकर समाज के सामने मजबूत संदेश भी दिया।

### देश की प्रथम किन्नर विधायक की हरिभूमि से विशेष संवाद

देश की प्रथम किन्नर विधायक शबनम मौसी ने हरिभूमि अनूपपुर के जिला ब्यूरो मनोज शुक्ला के साथ विशेष बातचीत के दौरान बताया कि अखिल भारतीय किन्नर महा सम्मेलन के अवसर पर देशभर से लगभग 3000 किन्नर अनूपपुर में एकत्र हुए हैं। मौसी ने बताया कि यह परंपरा किन्नर समाज की मान्यता है, क्योंकि किन्नरों की कोई संतान नहीं होती, अतः वे जीते जी ही अपने अंतिम भोज का आयोजन करते हैं। उन्होने कहा कि मुझे जमीन से लेकर आसमान तक पहुंचाने मे अनूपपुर, शहडोल के लोगों का योगदान है, अनूपपुर समेत उनके विधानसभा क्षेत्र का वे कर्ज नही उतार सकतीं क्योंकि जितना प्यार, इज्जत जिला समेत संभाग वासियों ने दिया है वह कभी भुलाया नही जा सकता। उन्होने कहा कि मेरी किसी से कोई शिकवा शिकायत नही है, मैं जब तक जिंदा हूं अनूपपुर के लिए हूं, मैं यहां का कर्ज कभी नही उतार पाऊंगी। महासम्मेलन का नेतृत्व कर रहीं पूर्व विधायक किन्नर शबनम मौसी ने बताया कि इस महा आयोजन का उद्देश्य सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान ही नही बल्कि किन्नर समाज की समस्याओं पर गहन मंथन और सामाजिक समरसता की स्थापना भी है। मौसी ने बताया कि कलश यात्रा निकाली गई, जिसका उद्देश्य शहर में अमन, चैन और तरक्की की कामना है। यह कलश यात्रा किन्नर समाज की ओर से निकाली गई, जो समाज से आशीर्वाद और समृद्धि की कामना के साथ विभिन्न स्थानों गईं। मौसी ने कहा जब समाज समृद्ध होता है, तभी किन्नर समाज का भी भरण-पोषण संभव है।

### किन्नर सम्मेलन और बाजार भी आयोजन

इस भव्य आयोजन के अंतर्गत किन्नर समाज के पूरे भारत से व्यापारी पहुंचे थे। जिनके द्वारा उपयोगी सामानों का बाजार भी लगाया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए 15 बाउंसर, पुलिसकर्मी और स्वयंसेवक भी तैनात किए गए हैं। आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। हालिया विवादों पर प्रतिक्रिया देते हुए शबनम मौसी ने स्पष्ट किया कि हम किन्नर हैं, बधाई और आशीर्वाद के नाम पर धन मांगते हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम लोगों की मदद भी करते हैं। यह हमारी जीवनशैली और परंपरा का हिस्सा है। किन्नर समाज का अगला राष्ट्रीय सम्मेलन 28 अगस्त से पंजाब के पटियाला मे आयोजित होगा।

---

**परंपरा के नाम पर गलत संदेश व श्रद्धा के नाम पर हो रहे विकृतिकरण पर लगी रोक**

# नर्मदा मंदिर परिसर की दीवारों से मिटाया गया नाम









**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

पावन नर्मदा उद्गम स्थली अमरकंटक में स्थित मंदिर परिसर की दीवारों पर भक्तों द्वारा सिंदूर से लिखे गए नाम अब अतीत का हिस्सा बन चुके हैं। संस्कृति और श्रद्धा के नाम पर फैल रही इस अनौचित्यपूर्ण प्रवृत्ति पर अब प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट की सख्ती का असर साफ दिख रहा है। हाल ही में प्रकाशित समाचार के बाद संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मंदिर परिसर की दीवारों की पुताई और रंगाई करवा दी है। इस संबंध मे हरिभूमि ने 3 जुलाई को खबर का प्रकाशन कर जिला प्रशासन समेत मंदिर ट्रस्ट का ध्यान आकर्षण करवाया था।

### प्रशासन और ट्रस्ट ने दिखाई तत्परता

मंदिर परिसर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे अमरकंठ महादेव, मां पार्वती मंदिर, भगवान विष्णु तथा गोरखनाथ मंदिर के पिछले हिस्सों में दूर-दराज से आने वाले तीर्थयात्री व श्रद्धालु पूजन-अर्चन के पश्चात दीवारों पर सिंदूर से अपने प्रियजनों के नाम हृदय की आकृति में अंकित कर रहे थे। यह दृश्य जहां एक ओर श्रद्धा का प्रदर्शन प्रतीत होता था, वहीं दूसरी ओर यह पवित्र स्थल की गरिमा और सौंदर्य को ठेस पहुंचा रहा था। इससे संस्कृति और परंपरा को लेकर भ्रम फैल रहा था। पूर्व में प्रकाशित समाचारों में स्पष्ट रूप से प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया था और आग्रह किया गया था कि इस पर शीघ्र रोक लगाई जाए, ताकि यह नकारात्मक परंपरा कोई सामाजिक स्वीकृति न पा सके।

नतीजतन, प्रशासन और नर्मदा मंदिर ट्रस्ट ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की और दीवारों पर फैले सिंदूर, नामों और आकृतियों को मिटा कर समूचे परिसर की सौंदर्यवृद्धि की। जिला प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट ने इस घटना को केवल एक सजावटी समस्या न मानते हुए, इसे धार्मिक स्थल की मर्यादा से जुड़ा विषय माना। ऐसी गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी और साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से लगातार श्रद्धालुओं को जागरूक किया जाएगा। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि जब समाज, मीडिया और प्रशासन एक स्वर में किसी विषय पर चिंतन करते हैं, तो उसके सकारात्मक परिणाम भी शीघ्र सामने आते हैं। धार्मिक स्थलों की गरिमा, शुचिता और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में यह एक आवश्यक एवं सराहनीय कदम है।

---

# नगर परिषद अमरकंटक द्वारा अतिक्रमण हटाने की विशेष मुहिम प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

नगर परिषद अमरकंटक के नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते के नेतृत्व में राजस्व प्रभारी मनीष विश्वकर्मा की विशेष टीम का गठन कर नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। यह कार्रवाई कलेक्टर महोदय, अनुपपुर के विशेष निर्देशानुसार की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत नगर क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण की पहचान कर उन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। इस कार्य में नगर परिषद की टीम द्वारा जनमानस को पूर्व में सूचित कर आवश्यक विधिक प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। नगर पालिका अधिकारी परस्ते ने बताया कि नगर की सुंदरता और जनसुविधा के हित में यह कदम अत्यंत आवश्यक है। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अतिक्रमण न करें एवं नगर परिषद के इस प्रयास में सहयोग करें। नगर परिषद अमरकंटक, नगरवासियों से सहयोग की अपेक्षा करता है ताकि नगर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त बनाया जा सके।

---

**सड़क में जगह-जगह हो गये गड्ढे**

# लोग ढूढ रहें सड़क, बारिश मे सड़क में चलना हुआ मुश्किल

## आये दिन वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीर हो रहे दुर्घटना के शिकार

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**



बस स्टैंड से जकीरा चौक तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण आमजन को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। कई बार नागरिकों ने नगर पालिका में शिकायत भी की लेकिन नगर पालिका के द्वारा यह कहा जाता है कि सड़क की जांच चल रही है जांच पूरी होने के बाद ही हम कुछ कर पाएंगे। जबकि इस सड़क का निर्माण पूर्व परिषद के कार्यकाल में वर्ष 2019 में करवाया गया था लेकिन ठेकेदार की मनमानी के कारण यह सड़क बनते ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।

### निकाय निधि से करवाया गया था कार्य

पूर्व परिषद के द्वारा वर्ष 2019 में नगर पालिका निधि से लगभग 27 लाख की लागत से बस स्टैंड से जकीरा चौक तक ठेकेदार के माध्यम से सीसी सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था। और यह सड़क बनते ही उखड़ने लगी थी जिस पर नागरिकों ने आपत्ति जताई तो ठेकेदार ने रातों-रात सीसी सड़क के ऊपर डामरीकारण करते हुए सड़क का निर्माण कार्य कर दिया लेकिन वह सड़क भी ज्यादा दिन नहीं चली और बनते ही सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए सड़क उखड़ने लगी।

### विधानसभा में उठाया गया था प्रश्न

कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा सड़क की गुणवत्ता को लेकर उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई थी। पूर्व विधायक के द्वारा विधानसभा में प्रश्न भी उठाया गया था और उसके बाद सड़क की गुणवत्ता की जांच की गई थी जिसमें संभाग के नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा ठेकेदार को सड़क की गुणवत्ता की हरी झंडी दे दी गई थी। दोबारा फिर से पूर्व विधायक के द्वारा विधानसभा में प्रश्न उठाया गया जिसकी जांच के लिए नगरी प्रशासन शहडोल को जांच कमेटी गठित कर गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन आज तक सड़क की गुणवत्ता की ना तो जांच हुई और ना ही दोबारा से सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया।

### मंत्री के निर्देश पर भी नही हुआ अमल

मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल को एक साल पूर्व नगर पालिका सभाकक्ष में बैठक के दौरान लोगों ने शिकायत भी सड़क की गुणवत्ता एवं निर्माण कार्य को लेकर की थी जिस पर मंत्री ने तत्काल नगरीय प्रशासन विभाग शहडोल से बात की थी और उन्हें सड़क का निर्माण कार्य करवाए जाने के निर्देश दिए थे लेकिन उसके बाद भी सड़क का निर्माण कार्य दोबारा से नहीं करवाया जा रहा। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि मंत्री के निर्देश पर अमल नही किया गया।

### बारिश में परेशानी

बारिश होने के कारण बस स्टैंड से जकीरा चौक तक जाने वाली सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने के कारण बारिश का पानी भर जाता है जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दो पहिया वाहन चालकों को सड़क में गड्ढे पानी भरे होने के कारण नजर ही नहीं आते हैं। जिसके कारण चालकों को दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। आये दिन पैदल चलने वाले राहगीरों सड़क पर गड्ढे होने के कारण गिर कर चोटिल हो रहे हैं। पूर्व परिषद के द्वारा सड़क की गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार का भुगतान भी रोक दिया गया था वर्तमान में भी सड़क निर्माण की जांच होने के कारण नगर पालिका के द्वारा यह कहा जा रहा है कि ठेकेदार को अभी भुगतान नहीं किया गया है, लेकिन अंदर की बात क्या है यह नागरिकों के बीच चर्चा बनी हुई है। ठेकेदार की कमियो का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।

### डलवा दिया डस्ट

बस स्टैंड से जकीरा चौक तक जाने वाली सड़क जर्जर होने के कारण गड्ढे हो गए हैं और बारिश का पानी उसमें भर जाता था नागरिकों की परेशानी को देखते हुए नगर पालिका के द्वारा क्रेशर डस्ट बिछबा दिया गया है। बारिश के कारण सड़क में कीचड़ ही कीचड़ हो जाता है। और पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। मनिहारी दुकानदार मुनीष सोनी का कहना है कि बस स्टैंड से जकीरा चौक तक जाने वाली सड़क बहुत ही खराब हो गई है सड़क की गुणवत्ता निर्माण कर से ही सही नहीं थी वर्तमान में बारिश का मौसम होने के कारण और खराब स्थिति हो गई है जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण पैदल चलने में परेशानी होती है आए दिन राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बारिश का पानी गड्ढे में भर जाता है जिसके कारण वहां जब निकलता है तो पानी का चिता दुकान तक आता है। जूता दुकानदार कमलेश जीवनदानी का कहना है हमारे दुकान के सामने से निकलने वाली सड़क की दयनीय स्थिति हो गई है पता ही नही चलता है सड़क मे गड्ढे हैं या गड्ढों मे सड़क है बारिश होने पर गड्ढे मे पानी भरा रहता है जिसके कारण सड़क को ढूंढकर चलना पड़ता है नगर पालिका के द्वारा डस्ट डलवाया गया है जिसके कारण और कीचड़ होने लगा है। प्रतिदिन राहगीर एवं वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गांव से भी बद्तर स्थिति हो गई है। ठेकेदार की खामियाजा का नतीजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। नगर पालिका के द्वारा जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य करवाने की मांग की है।

### इनका कहना है

सड़क निर्माण की जांच चल रही है, अभी तक रिपोर्ट नही मिली है जिसके कारण हम कुछ नही कर पा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ हो पायेगा।

**प्रदीप झारिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
कोतमा

---

**सीबीआई, पुलिस अधिकारी, हाईकोर्ट का जज बनकर करता था ठगी**

# 45 लाख से ज्यादा की ठगी के आरोपी सौरभ शर्मा को विदिशा से पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक की एक और कामयाबी मे जुड़ा नाम**

**8 साल से डिजिटल अरेस्ट ताम्रकार को कोतमा पुलिस ने छुड़ाया**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कोतमा पुलिस टीम ने पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में साइबर ठगी करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश सौरभ शर्मा 32 वर्ष को विदिशा जिले से गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी पाई है। गिरोह ने आशीष ताम्रकार 53 वर्ष को पिछले 8 साल से डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख रुपए ठगते रहे। क्षेत्र में पहली बार इतनी बड़ी ठगी के आरोपी पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। आरोपी सौरभ शर्मा पर धारा 419, 420, 34 आईपीसी का मामला दर्ज होने पर शुक्रवार को न्यायाल पेश कर 4 दिन की रिमांड में लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है। एएसपी इसरार मंसूरी, एसडीओपी आरती शाक्य के मार्गदर्शन में की गई कार्यवाही को लेकर थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला ने बताया कि 8 साल तक डिजिटल अरेस्ट करने वाले गिरोह ने व्यापारी आशीष ताम्रकार से सीबीआई अधिकारी, जज, हाईकोर्ट वकील एवं पुलिस अफसर बनकर 45 लाख रुपए अलग-अलग खातों में ठगा गया है। घटना की शिकायत थाना कोतमा एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष की गई। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने शिकायत को गंभीरता से लेने हुए पुलिस एवं साइबर की 2 विशेष टीम का गठन किया गया।

### सायबर ठगों ने किया था डिजिटल अरेस्ट

आरोपी सौरभ शर्मा को विदिशा से दबोचते हुए पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। जिसके कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल सहित ठगी के दस्तावेज को जप्त किया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में टीम सर्च कर रही है। 8 वर्षों तक चले हैरत भरे ठगी कांड में शामिल मुख्य सरगना महेंद्र शर्मा एवं साथी रवि डोहरिया की मौत हो गई। बताया जाता है कि आशीष ताम्रकार 53 वर्ष पिता अवधेश ताम्रकार की बाजार में इलेक्ट्रॉनिक शॉप है। वायदा बाजार में पैसा इन्वेस्ट करते थे निवेश की गई राशि का 23 लाख रुपए वर्ष 2017 में मिलना था। जिसकी भनक शातिर जालसाजों को लग गई। योजना बनाकर नीमच थाने के अधिकारी बनकर मिलने वाले 23 लाख रुपए को हवाला की रकम बताकर ठगने का सिलसिला शुरू कर दिया। जिसके बाद साइबर ठगो के द्वारा अलग-अलग मोबाइल नंबरों का उपयोग कर सीबीआई अधिकारी, जज, पुलिस, हाइकोर्ट एडवोकेट बनकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया और कुल 45 लाख रुपए खातों में डलवाते रहे। इस दौरान बदमाशों के द्वारा स्क्रीन पर फर्जी पुलिस, जज, सीबीआई अधिकारी बनने का नाटक कर पुलिस सायरन भी बजाते रहे। डरे सहमे व्यापारी द्वारा गिरफ्तारी के डर से लगातार रुपयों की मांग पूरी की जाती रही।

### 2 टीमों का किया गठन

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में 2 टीम बनाते हुए मामले के खुलासा करने में जुट गई । उपयोग किए गए नंबरों के आधार पर आरोपी सौरभ शर्मा 32 वर्ष पिता गोविंद शर्मा निवासी गिरधर कॉलोनी देहात थाना को अभिरक्षा में लेकर कोतमा थाने लाया गया। गिरोह में शामिल आरोपी लकी कुमावत निवासी सतवास पुनासा जिला खंडवा, चित्रांश ठाकुर सहित अन्य आरोपियों की तलाश तेजी से की जा रही है।

### सरगना महेंद्र की हो गई हत्या

बताया जाता है कि डिजिटल अरेस्ट गिरोह के मुख्य सरगना आरोपी महेंद्र शर्मा 26 वर्ष था जिसकी 2022 में बीच बाजार चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। जिसके खिलाफ विदिशा एवं अन्य जिलों के थाने में 30 से ज्यादा अपराध दर्ज हैं। जिनमें हत्या, लूट, ठगी, जानलेवा हत्या करने की कोशिश सहित अन्य गंभीर मामले दर्ज हैं। ठगी की ज्यादातर रकम इसी के खाते में लगातार लिया जाता रहा। एक और आरोपी रवि डेहरिया की भी दो माह पूर्व सड़क हादसे में मौत हो गई।

### भोपाल एवं विदिशा में खोली फर्जी कंपनी

बताया जाता है कि आरोपियों द्वारा साइबर ठगी करने को लेकर प्रदेश की राजधानी भोपाल में आर बी ट्रेडर्स, तिरुपति फिनटेक सहित अन्य नाम की फर्जी कंपनियों को दिखावे के लिए खोलते थे जिनका उद्देश्य पूरा सेटअप बनाकर चोरी छिपे साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्ट का काम किया जाता था। पूरे काम को अंजाम देने के लिए आरोपियों द्वारा अलग-अलग नंबरों एवं खातों का उपयोग करता था। भोपाल में फर्जी कंपनी की भनक लोगों को लगने पर वहां से भागकर विदिश में नए नाम से कंपनी खोली गई। गिरफ्तार आरोपी सौरभ शर्मा ठगी के साथ, प्राइवेट काम करने के साथ जमीन दलाली की भी सौदेबाजी करता है। पूरी कार्यवाही की मॉनिटरिंग पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा स्वयं करते हुए दिशा निर्देश दिया जाता रहा।

---

# खेत में ट्रैक्टर पलटने से एक किसान की मौत



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।**

राजेन्द्रग्राम थाना अन्तर्गत ग्राम लांघाटोला मे खेत मे कार्य करते वक्त एक ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। शनिवार की दोपहर एक बजे लांघाटोला निवासी एक व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर खेत मे गया था। जहाँ उसका ट्रैक्टर अचानक पलट गया। वह व्यक्ति ट्रैक्टर के नीचे दब गया। आसपास के लोग मौके पर गये। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।